Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 27-02-2022 | अंक 154

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### घरेलू विवाद में आकर बुजुर्ग ने किया विषपान, रेफर

**अपेम लाइवः चौपारण**

चौपारण प्रखंड अंतर्गत बच्छई निवासी रामचंद्र यादव उम्र 66 वर्ष पिता स्व विष्णु माहतो ने घरेलू विवाद में आकर विषपान कर लिए। जानकारी मिलने पर परिजनों ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।



### छत से गिरकर पांच वर्षीय रंजन हुआ घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**

बरही थाना अंतर्गत गौरियाकरमा निवासी पिंटू कुमार मेहता का पांच वर्षीय पुत्र रंजन कुमार छत से गिरकर घायल हो गया। आनन फानन में पीड़ित परिवार ने उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।






APEM LIVE NEWS सच का साथी

# किसान का बेटा कंपनी सेक्रेटरी (कंपनी सचिव) के एग्जाम में सफलता हासिल कर नाम रौशन किया।

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



दिवाकर सिंह

बरही निवासी मुन्ना सिंह के भगिना एव चतरा जिला अंतर्गत मयूरहण्ड थाना के गुरूवाडीह ग्राम निवासी दिवाकर सिंह कठिन मेहनत और लगन से कंपनी सेक्रेटरी के एग्जाम में सफलता हासिल कर अपने एरिया का नाम रौशन किया है। इनके पिता पेशे से किसान हैं और माता जी गृहिणी हैं। इनका प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय प्राथमिक विद्यालय से कंपनी सेक्रेटरी मे उत्तीर्ण होने तक का सफर काफी संघर्ष भरा रहा। प्रारम्भिक असफलता के बाद भी इन्होंने हार नहीं माना और अंततः सफलता हासिल किया।इन्होंने सीए कि तैयारी के साथ साथ सीएस की भी तैयारी शुरू कर दिया था । कानपुर विश्व विधालय से इन्होंने लॉ में स्नातक की भी डिग्री हासिल किया है। दिवाकर सिंह ने सीएस परीक्षा के संबंध में जानक.ारी देते हुए बताया कि सीएस का एग्जाम तीन चरणों में होता है। उन्होंने कंपनी सेक्रेटरी की पढ़ाई दिल्ली स्थित द इंस्टिट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरी ऑफ इंडिया से पूरा किया। गौरतलब हो कि कंपनी सेक्रेटरी कॉरपोरेट वर्ल्ड में कंप्लायंस ऑफिसर की अहम भूमिका निभाते हैं।कंपनी सेक्रेटरी का एग्जाम भारत के कठिन एक्जामो में से एक है , जहां कम विद्यार्थी हीं सफल हो पाते हैं ।। लेकिन कठिन परिश्रम और निरंतर प्रयास से सफलता जरूर मिलती है। दिवाकर ने अपने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता , अपने गुरु जी श्री राम सर , पूरना मैम एवम् मामा मुन्ना सिंह को दिया है। जिन्होंने इन्हें हर कमजोर वक्त में हौसला एवम् साहस दिया। अब आगे ये गुड कॉरपोरेट गवर्नेंस में अहम भूमिका निभाकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अपना योगदान देना चाहते हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में रूपेश पांडेय के परिजनों ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष दीपक प्रकाश से किया भेंट

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**

झारखंड प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में रूपेश पांडेय के परिजनों ने भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष दीपक कुमार से भेंट कर घटना से अवगत कराया। रूपेश के परिजनों में रूपेश के पिता सिकंदर पांडेय एवं उनके परिजनों ने मिलकर बरही में हुई रूपेश पांडेय की हत्या को लेकर ज्ञापन सौपा । उन्होंने सीबीआई जांच के साथ साथ फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर दोषियों को सजा दिलाने की मांग की है। वहीं उन्होंने बताया की 6 फरवरी को बरही अंर्तगत नईटांड़ निवासी रूपेश कुमार पांडेय उम्र 17 वर्ष पिता सिकंदर पांडेय को सरस्वती प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक विशेष समुदाय के लोगो ने मॉब लीचिंग कर पीटकर हत्या कर दी थी। साथ ही उन्होंने राज्य सभा सांसद सह झारखंड राज्य के प्रदेशाध्यक्ष से अनुरोध किया की इस प्रकरण को अतिशीघ्र संज्ञान में लेते हुए रूपेश पांडेय हत्याकांड की केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई से जांच कराकर न्याय दिलाए। साथ ही इस प्रकार की घटना का पुनरावृति न हो। मौके पर भाजयुमो नेता शुभम सौरव, राकेश प्रसाद, रमेश ठाकुर, किशोरी मोहन पांडेय एवं अनिल पांडेय मुख्य रूप से मौजूद थे।



दीपक प्रकाश से मुलाकात करते बाबुलाल मरांडी व रूपेश पाण्डेय के परीजन

# राज्य संपोषित योजना के तहत विधायक उमाशंकर अकेला ने विजैया में किया सड़क का उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत में राज्य संपोषित योजना के तहत खुटवाटांड़ से बेजलाडीह तक बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने सड़क का शिलान्यास किया। जिसकी कुल लागत 1 करोड़ 73 लाख एवं लंबाई 2. 25 किमी है। साथ ही साथ विधायक उमाशंकर अकेला ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि इस सड़क की स्थिति ठीक नहीं थी। जिससे लोगो को आने जाने में काफी मुश्किल होती थी। लेकिन अब इस सड़क का निर्माण हो जाने से लोगो को आने जाने में काफी सहूलियत होगी। मौके पर मुखिया दशरथ यादव, देवलाल कुशवाहा, राजेंद्र प्रसाद यादव, मु. निलाल ठाकुर, सहादत हुसैन, बैजनाथ यादव, मेघलाल महतो, सुखदेव यादव, बालेश्वर चौधरी, लाखो ठाकुर, जवाहर यादव, रामेश्वर महतो, बाजो यादव, सीताराम कुशवाहा, छोटू अंसारी, जलील मिया, विकाश यादव, भिक्की यादव, बद्री चौधरी, फिरोज अंसारी, त्रिलोकी कुशवाहा एवं चंद्रिका रविदास मौजूद थे।




# खतियान आधारित स्थानीय नीति हर झारखंडी की माँग : संजय मेहता

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**

खतियान आधारित स्थानीय नीति की माँग को लेकर गाँधी मैदान हज़ारीबाग़ में एक सभा का आयोजन किया गया. जिसमें माटी का स्वाभिमान आंदोलन के संयोजक संजय मेहता ने अपने विचार रखे. संजय मेहता ने अपने सम्बोधन में कहा की झारखंड निर्माण के दो दशक से ज़्यादा वक्त बीत जाने के बाद भी अब तक झारखंड की स्थानीय नीति का परिभाषित न होना दुर्भाग्य की बात है. झारखंड में झारखंड के ही लोगों की हकमारी की जा रही है. बिना नीति नियुक्ति होना अवसर की समानता के संवैधानिक अधिकार को कुचलने के समान है. देश के सभी राज्यों की अपनी - अपनी स्थानीय नीति है. लेकिन आज तक झारखंड में झारखंडी जन भावनाओं के अनुरूप स्थानीय नीति नहीं बन पायी. जिसके कारण नियोजन में समस्या आ रही है. स्थानीय नीति ही नियोजन नीति को तय करेगा. संजय मेहता ने कहा की राज्य के भीतर झारखंडी जन भावनाओं के आधार पर ही सरकारी और प्रशासनिक निर्णय लेने होंगे. अब तक झारखंडी जनता को छला गया है. इसलिए माटी का स्वाभिमान आंदोलन के माध्यम से सरकार को आग्रह किया जा रहा की सरकार खतियान आधारित स्थानीय नीति को लागू करे. राज्य की नियुक्ति में दूसरे राज्यों के अभ्यर्थियों का दख़ल हो जा रहा है. तृतीय और चतुर्थ वर्ग की नौकरियों में भी झारखंड के लोगों को पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहा है। झारखंड में कौन झारखंड़ी है इसकी परिभाषा न तय होना बड़े दुर्भाग्य की बात है। झारखंड में हर नियुक्ति प्रक्रिया विवादों में फँस जा रही है. एक भी नियुक्ति सही से नहीं हो पा रही है. जेपीएससी जैसी संस्था पर अनियमितता का आरोप है. ऐसे में राज्य के नौजवानों के समक्ष अपने भविष्य को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है. सरकार को इन बिंदुओ पर विचार करना चाहिए. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आर्यकांत मेहता का अहम योगदान रहा.

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही चौक पर आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का हुआ जोरदार स्वागत

### आजसू पार्टी ही कर सकती है राज्य का सर्वांगीण विकास : राज सिंह चौहान

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



आजसु सुप्रीमो सुदेश महतो का स्वागत करते अजसु कार्यकर्ता

बरही चौक पर रविवार दोपहर 12 : 30 बजे आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, डॉ देवशरण भगत एवं तिवारी महतो का रांची से औरंगाबाद जाने के क्रम में बरही चौक पर आजसू के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। वही आजसू बरही विधानसभा प्रभारी राज सिंह चौहान ने माला एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया । वही आजसू के अन्य कार्यकर्ताओं ने भी उन्हें माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही साथ राज सिंह चौहान ने बरही के परिस्थितियों से उन्हे अवगत कराया। मौके पर आजसू प्रखंड सचिव अनिल कुमार सिंह, बब्लू दास, निर्मल दांगी, मो इमरान, संदीप केशरी, लाला, विनय कुमार, पिंटू ठाकुर, संजीत सिंह, अनिल दास, अनुज कुमार रजक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने पोलियो का खुराक पिलाकर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

### पोलियो खुराक दो बूंद जिंदगी के लिए : मो कयूम

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के गरजामो डुमरियाडीह बूथ पर बच्चों को पोलियो का खुराक पिलाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे बरही पूर्वी जीप प्रति. निधि मो कयूम ने बच्चो को पोलियो का खुराक पिलाकर शिविर का उद्घाटन किया । साथ ही साथ उन्होंने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि पांच वर्ष तक के बच्चो के लिए पोलियो की खुराक बहुत ही जरूरी है जिससे पोलियो जैसे खतरनाक बीमारी से आप सभी अपने बच्चो को सुरक्षा प्रदान कर सके। मौके पर गुलाम देवी, कविता देवी एवं साजदा अजहर, मो सलामत, सरिता खातून मौजूद थे।

## शिव पंच परिवार प्राण प्रतिष्ठा को ले रुद्र महायज्ञ प्रारम्भ

### महामंडलेश्वर सीताराम जी महाराज ने यज्ञशाला का किया उदघाटन शामिल हुए विधायक

**अपेम लाइवः बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**




बरकट्ठा : प्रखंड के ग्राम बरकट्ठा में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमित आयोजित रुद्र महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा के साथ यज्ञ मंडप का उद्घाटन महामंडलेश्वर श्री सीतारामजी महाराज ने किया मौके पर विधायक अमित कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि केदार साव, मुखिया बसन्त साव, समाजसेवी दर्शन सोनी,बटेश्वर मेहता, इंद्रजीत प्रसाद यज्ञ आयोजन मंडली मंदिर निर्माणकर्ता जागेश्वर यादव जीप सदस्य कुमकुम देवी, सांसद प्रतिनिधि केदार साव, मुखिया मुंशी पा. सवान, इंद्रजीत प्रसाद पंसस निर्मला देवी, अशोक गुप्ता, उमेंश यादव, उपमुखिया शिवशंकर यादव, यज्ञ आयोजक जागेश्वर यादव, भोला यादव, राज. कुमार यादव, मनोज दास, अशोक कुमार दास, श्रवण कुमार, संजय कुमार, विजय यादव, रामखेलावन यादव, सहदेव यादव, अर्जुन राणा,बिहारी यादव, चन्दन गुप्ता, महेश राम शम्भू साव,दिलीप यादव,महेश्वर प्रसाद, राहुल गुप्ता, अनूप गुप्ता,रामेश्वर महतो, युगेश सिंह समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## विधायक ने पिलाई पोलियो ड्राप

**अपेम लाइवः बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**




पोलियो ड्राप पिलाते विधायक व अन्य

बरकट्ठा : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में विधायक अमित कुमार यादव ने बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर पोलियो उन्मूलन अभियान का शुभारंभ किया इस दौरान विधायक ने सभी लोगो को इस अभियान से जुड़कर इसे सफल बनाने और स्वस्थ प्रदेश व देश के निर्माण में योगदान देने की अपील की उन्होंने कहा दृढ़ संकल्प का ही सुफल है कि झारखंड सहित पूरे देश से पोलियो को खत्म किया जा सका है। इस सफलता को बरकरार रखने के लिए हम सभी को सदैव जागरूक रहना है। बच्चों के स्वस्थ, उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य के लिए हर माता–पिता बच्चों के टीकाकरण की जिम्मेदारी का निर्वहन अवश्य करें। झारखंड में सभी बच्चों के माता–पिता उत्साह से इस अभियान में सहभागिता करें। देश पोलियो मुक्त है, इस सफलता, संकल्प को हमें अटूट बनाए रखना है। मौके पर बीडीओ कीर्तिबाला लकड़ा, सीओ श्रीकांतलाल मांझी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रजनीकांत समेत सभी अस्पताल कर्मी उपस्थित थे

## नौ दिवसीय श्री श्री 108 रुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा के पांचवे दिन शामिल हुए पूर्व विधायक

### ईश्वर की इच्छा के बिना कुछ भी संभव नही : मनोज यादव

**अपेम लाइवः पदमा**
**सुमन मेहता**



प्रर्वचन मे शामिल मनोज यादव व अन्य

पदमा प्रखंड अंतर्गत ग्राम बिहारी एवं सोनपूरा में चल रहे 9 दिवसीय श्री श्री 108 रुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा के पांचवे संध्या के अवसर पर आयोजित भक्ती जागरण में बतौर मुख्य अतिथि संयुक्त बिहार के पुर्व मंत्री सह बरही पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने महायज्ञ के आयोजन को विश्व कल्याण के लिए आवश्यक बताया। कहा कि भक्ति और धर्म एक–दूजे के पर्याय हैं। जिस भक्ति और सेवा में लोक कल्याण का भाव नहीं होता, वह प्रकल्प पाप जैसा माना जाता है। भक्ति और सेवा वही फलीभूत होगी, जिसमें सबके कल्याण और भले का भाव होगा। कहा कि इस सृष्टि को चलाने वाले परमपिता परमात्मा की इच्छा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। हम सभी को अपनी दैनिक दिनचर्या में से कुछ समय निक. ालकर प्रभू का स्मरण अवश्य करना चाहिए। साथ ही अपने बच्चों में भी अच्छे संस्कार डालने के लिए प्रभू भक्ति की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराना चाहिए। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए सभी ग्रामीणों का धन्यवाद करते हुए कहा कि जो सच्चे मन से किसी भी कार्य को करते हैं, भगवान उनकी मनोकामना अवश्य पूरी करते हैं। मौके पर यज्ञाचार्या के साथ यज्ञ समिति के अध्यक्ष बाबूलाल मेहता, सचिव गोविंद मेहता, कोषाध्यक्ष राजकुमार मेहता, मार्गदर्शक बिहारी पंचायत के मुखिया सहदेव मेहता, उपाध्यक्ष संजय कुमार, उपसचिव बालेश्वर गिरी, उप कोषाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार, नरेश कुमार, नागेश्वर मेहता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नारायण यादव, भाजपा नेता प्रवील मेहता, जिला परिषद सदस्य बसंत नारायण मेहता, सांसद प्रति. निधि सुरेंद्र गुप्ता, बिनु मेहता, पदमा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पान्तु मेहता, रघु गोप, गणेश यादव, विजय यादव, मुखिया गौरी शंकर मेहता, अयोध्या मेहता, अरुनजय मेहता, सनपूरा महायज्ञ समिति के पदाधिकारी रामस्वरूप मेहता, उमेश मेहता, रामानंद गिरी, कालीचरण मेहता, महेंद्र मेहता, रूपलाल मेहता, सुनील मेहता, राजा मेहता, संतोष मेहता, बिनु मेहता, अभिजीत मेहता, प्रमोद मेहता, विजय मेहता, अच्छ्ये वट मेहता, कंमांडो मेहता, दसरथ मेहता, रोहित यादव, शंकर यादव, बैद्यनाथ यादव, विजय मेहता जय माता दी, विजय मेहता, शिक्षाविद राजकुमार मेहता, रूपलाल मेहता, पिरु मेहता, परमेश्वर प्रजापति, रामजी प्रसाद, अजीत गिरी, मनोज मेहता टीनू मेहता, राजा मेहता, सत्य नारायण मेहता, मुन्ना मेहता सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।



## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI
UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag
Contact Number- 8210966457,8863095445
(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


**ADMISSION OPEN NOW**



Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

**SALIENT FEATURES**

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X[th] Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26[th] Jan & 15[th] Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

––– डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से





वादा नहीं विकास करेंगे...
जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से
पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु
युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार
उम्मीदवार
**कपिल प्रसाद केशरी**
को अपना बहुमूल्य
मतदान देकर भारी मतों से
विजयी बनाएं...!

सोच हमारी
विकास आपका



कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी



## विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर

प्रो0 – विक्रम कुमार

हमारे यहां सभी प्रकार का
बाइक रिपेयर किया जाता है।



TVS Hero BAJAJ HONDA YAMAHA SUZUKI Lifelong ROYAL ENFIELD PIAGGIO Mahindra 2 Wheelers

पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :– 6200723851



प्रो0 शिव कुमार 9162759200

## शिव ऑप्टिकल हाऊस



कम्प्यूटर मशीन द्वारा आंखो का जांच

हमारे यहां कम्प्यूटर मशीन द्वारा आंखो को जांच कर चश्मा बनाया जाता है।





धनवाद रोड, बरही, पेट्रोल पम्प के सामने (जामा मस्जिद के सामने)

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर










## विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का विधायक व सबजज ने किया उदघाटन

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

चौपारण : जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग के निर्देशन में प्रखंड मुख्यालय सभागार में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। शिविर कार्यक्रम का न्यायिक दंडाधिकारी, प्रियंका चोपड़ा व विधायक उमाशंकर अकेला, बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा, सांसद प्रति. निधि मुकुंद साहू, थाना प्रभारी स्वपन कुमार महतो, पीएलवी हरेंद्र राणा, अधिवक्ता सह पैनल लॉयर मुरली कुमार राणा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्व. लित कर कर किया। प्रियंका चोपड़ा ने कहा कि अधिकांश लोग कानून के बारे में जानकारी नही होने के कारण सामाजिक न्याय से वंचित रह जाते हैं।विधिक सेवा के तहत लोगों को सरकारी खर्च पर वकील, कोर्ट फीस के लिए खर्च, अभिलेख कागजातों को तैयार करने का खर्च आदि का वहन करता है। इस दौरान बीडीओ सह अंचला. धिकारी ने अपने अंचल क्षेत्र में राजस्व से संबंधित अधिकार के बारे में जानक. ारी दिए। मालूम हो कि शिविर में डोमा में डूब कर मरने वाले,2 मृतकों के परिजनों को 4 लाख रुपए वज्र पात से मरने वाले एक मृतक के परिजन को 4 लाख रुपए प्रखंड में कोविड महामारी में मरने वाले 16 मृतक के परिजनों को पचास हजार रुपए की राशि चेक के रूप में दी गई । वही इस दौरान पीएम आवास के लिए 55 लाभुकों को स्वीकृति कागजी प्रमाण पत्र दिया गया। साथ ही 168 लोगों को वृद्धा एवं 30 महिलाओं को विधवा पेंशन 9 विकलांग लोगों को विकलांगता स्वीकृति पेंशन का का प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर प्रमुख नीलम कुमारी, मुखिया रेखा देवी मुखिया विनोद सिंह, पप्पू रजक सुखदेव पासवान विधायक मीडिया प्रभारी मनोज कुमार यादव मनोज सिंह संख्या में लोग मौजूद थे ।


कार्यक्रम का उद्घाअन करते विधायक व अन्य

## चौपारण प्रमुख ने किया प्लस पोलियो कार्यक्रम शुभारम्भ

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

चौपारण : प्रखंड के सामुदायिक अस्पताल चौपारण के साथ–साथ प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में भी पल्स पोलियो अभियान कार्यक्रम का उद्घाटन रविवार को किया गया। सामुदायिक अस्पताल चौपारण में पल्स पोलियो अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख नीलम देवी व चिकित्सा प्रभारी भुनेश्वर गोप द्वारा 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियी खुराक पिला कर की गई। वही पंचायत डेबो में प्रधान सह मुखिया मोहन साव , पंचायत बच्छई में प्रधान सह मुखीया कुंती देवी सहित प्रखण्ड के सभी पंचायतो में पल्स पोलियो कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस संबंध में चिकि. कत्सा प्रभारी डॉ भुनेश्वर गोप ने बताया कि तीन दिवसीय पल्स पोलियो कार्यक्रम का अभियान 1 मार्च तक चलेगा । कार्यक्रम के तहत 0 से पांच वर्ष के बच्चे एवं बच्चियों को प्लस पोलियो की दो बूंद दवा की खुराक पिलाई जानी है। प्रखण्ड में 0 से 5 वर्ष के 26595 बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 465 फैसिलेटर , 24 सुप. रवाइजर, 7 सब डिपो,132 टीम,6 मोबइलजर टीम,2 ट्रांजिस्ट टीम कार्य कर रही है। वही स्वास्थ्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि अभिमन्यु भगत ने प्रखण्ड के वैसे अभिभावक जिनके बच्चे 0 से 5 वर्ष के हों उनसे अनुरोध किया कि वे अपने बच्चे को पोलियी की खुराक अवश्य पिलाएं और भारत के पोलियो मुक्त इस अभियान को सफल बनायें।


पोलीयो खुराक पिलाति प्रमुख नीलम देवी




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## करोड़ों की लागत से बना छात्रावास बना चावल गोदाम

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**






बिरनी प्रखण के पालोंजिया +2 उच्च कैम्पस में करोड़ों की लागत से बना छात्रावास कचड़े का डिब्बा बनकर रह गया है। यह छात्रावास में आजकल शराबियों का अड्डा बना हुआ है। पालोंजिया छात्रावास के तीन मंजिला बना हुआ है। ऊपर के दो मंजिलों में प्रशासन रहते हैं। बावजूद इसके निचले मंजिला में शराबियों का अड्डा बनकर रह गया है। नीचे तल्ले के कई कमरों में बीयर और शराब के खाली बोतल ऐसे रखा हुआ है जैसे सरकारी संपत्ति को धरोहर समझकर संजोया गया हो। सिगरेट और नास्ते का पैकेट छात्रावास के रसोई कमरे के साथ साथ बा. रामदे तथा कई कमरों में ऐसे पसरा हुआ है जैसे सरकार इस आवास को बिरनी प्रखण्ड के सारे कचड़े पालोंजिया छात्रवास में ही फेंकना हो। कहने को तो इस छात्रावास में सरकारी स्कूल के एमडीएम का चावल भी रखा जाता है। लेकिन सफाई के नाम पर किसी की नजर न पड़ी हो। ऐसे में भारत सरकार के सफाई अभियान को चौलेंज करता यह छात्रवास एक उदाहरण स्वरूप सबूत दे रही है। ऐसे में बिरनी प्रखण्ड विकास, सफाई तथा सरकारी संपत्ति का दुरूपयोग करने वाला प्रखण्ड झारखण्ड में पहला स्थान ले सकती है। अब सवाल ये उठता है कि सालों से यह भवन का देखने या इसका हिफाजत करने वाला शायद कोई नहीं है।

## खनन विस्थापित ग्राम विकास समिति की बैठक संपन्न ,कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


बैठक में शामिल लोग

प्रखंड अंतर्गत लंगातू नर्सरी बगीचा में खनन विस्थापित ग्राम विकास समिति की बैठक की गई । जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष गोविंद महतो एवं संचालन मीडिया प्रभारी कृष्णा राम के किया । बैठक में सव. सम्मति से कंपनी में स्थायीकरण करने की मांग रखी गई । स्थायीकरण कराने को लेकर शिष्ट मंडलों के द्वारा कंपनी के वरिष्ठ पदाधिकारी को आवेदन सौंपा जाएगा । मौके पर अध्यक्ष गोविंद महतो ने कहा कि हम लोगों का क्षेत्र विस्थापित के अंतर्गत है ,परंतु जो सु. विधाये मिलना चाहिए वह आज तक नहीं मिल पा रहा है ।मानव जीवन से संबंधित सुविधा देने का आग्रह किया गया । मीडिया प्रभारी कृष्णा राम ने कहा सबसे पहले विस्थापित प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों को हर तरह का शैक्षणिक सुविधा एवं पेयजल समस्याओं को दूर करने की मांग की गई है । मौके पर उपस्थित ला. गों में मुख्य रूप से उप. स्थित वीरेंद्र ओझा, जितेंद्र तुरी, रामशरण महतो, अजीत मिश्रा, शिशु मिश्रा, रामचंद्र महतो,अर्जुन,शिव कुमार, कामेश्वर महतो,बालेश्वर महतो,अम. रजीत रविदास,विकास कुमार,किशोर कुमार,अशोक राम, लुरक साव, मतलुब अंसारी,अख्तर हुसैन,सुबोध गिरी, पूरन महतो,मुकुल महतो,तुलेश्वर महतो,महेंद्र महतो के अलावा समिति के कई सदस्यगण उप. स्थित थे।

## आजसू पार्टी की प्रखंड स्तरीय बैठक कल

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



आजसू पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व आगामी 7 मार्च को रांची चले कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बड़कागांव प्रखंड आजसू कमेटी की बैठक आज 28 फरवरी दिन सोमवार को 11रू00 बजे आजसू पार्टी के प्रखंड कार्यालय में रखी गई है।

बैठक में आगामी 7 मार्च को होने वाले कार्यक्रम खतियान के वास्ते संघर्ष के रास्ते, झारखंडयों की पहचान 1932, का खतियान, हमारी भाषा हमारी पहचान सहित अन्य मांगों को लेकर 7 मार्च को विधानसभा घेराव की तैयारी को लेकर बैठक किया जाएगा। बैठक में बड़कागांव प्रखंड के आजसू पार्टी के सभी अनुषंगी इकाई को समय पर आने की अपील की गई है । उक्त आशय की जानकारी वरिष्ठ आजसू नेता कामेश्वर महतो ने दी।

## सहारा इंडिया के कर्मियों ने पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री जसवंत सिन्हा को ज्ञापन सौंपा

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


ज्ञापन सौंपते सहारा इंडिया के कमह्न

सहारा के सम्मानित निवेश. कर्ता व कार्यकर्ताओं का सेबी के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी आंदोलन को लेकर पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यसवंत सिन्हा से हजारीबाग में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान रीजनल प्रमुख ने सेवी एवं सहारा इंडिया प्रकरण को लेकर यशवंत सिन्हा विस्तार रूप से जानकारी दी एवं 24000 करोड़ वापस कराने हेतू समस्त आकड़े को बखूबी प्रस्तुत कर समाधान कराने की मांग की।मौके पर हजारीबाग के रीजनल प्रमुख,रीजनल एडवाजरी मनोज सिन्हा, हजारीबाग के सेक्टर प्रमुख रंजीत कुमार सिंह,बड़कागाँव फ्रैंचाइजी मै. नेजर अजय पोद्दार, झुमरा फ्रैंचाइजी मैनेजर राम नरेश कुशवाहा, चतरा के सेक्टर प्रमुख रामसेवक प्रसाद, डेमोटेण्ड फ्रैंचाइजी मैनेजर अनूप कुमार,इटखोरी फ्रैंच. इजी मैनेजर अनिल कुमार शर्मा,सिमरिया फ्रैंचाइजी मै. नेजर नंदकिशोर साहू,विष्णुगढ़ फ्रैंचाइजी मै. नेजर अजय कुमार वर्णवाल एवं श्याम लाल यादव उप. स्थित थे।

## 300 ग्राम गिला अफीम व मोटरसाइकल के साथ एक युवक गिरफ्तार

## पुलिस की अफीम के सौदागरों पर कार्रवाई से मची हड़कम्प

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**



पुलिस अधीक्षक, चतरा को गुप्त सूचना मिली कि 26 फरवरी .को राजपुर थाना अन्तर्गत ग्राम चिरीदीरी टोला बेलाटाँड के विकास कुमार दांगी पिता स्व) नरेश दाँगी थाना राजपुर जिला चतरा के द्वारा अवैध रुप से गिला अफीम रखे हुए है ।तथा बाहर कही बेचने के लिये जाने वाले है। इस संबंध में छापामारी दल का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए विकास कुमार दाँगी पिता स्व0 नरेश दाँगी सा0 चिरीदीरी टोला बेलाटाँड थाना राजपुर जिला चतरा को पकड़ा गया। तथा उनके पास से प्लास्टिक के डब्बा सहित 300 ग्राम गिला अफीम के साथ गिरफ्तार किया। इस संबंध में राजपुर थाना काण्ड सं0 15/22 इंडीपीएस दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है ।बरामद सामानों का विवरणी में 300 ग्राम गिला अफीम ,मोटर साईकिल वीवो कम्पनी का एक मोबाईल,गिरफ्तार अभियुक्तो में विकास कुमार दांगी पिता स्व0 नरेश दाँगी सा0– चिरीदीरी टोला बेलाटाँड थाना राजपुर जिला चतरा निवासी शामिल है ।वही छापामारी दल में शामिल सदस्यो में केदार राम (पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय, चतरा ,पु0अ0नि0 दीपनारायण सिंह ,स0अ0नि0 राजेश कुमार शर्मा,राजपुर थाना रिजर्व बल एवं सहायक पुलिस के जवान शामिल थे।

## विधायक अंबा प्रसाद एवं जिला परिषद अध्यक्ष सुशीला देवी ने संयुक्त रूप से सड़क निर्माण कार्य योजना का शिलान्यास किया

## सड़क निर्माण पीसीसी कार्य 20 लाख प़ए लागत राशि से बनेगी।

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


उद्‌घाटन करते विधायक अंबा प्रसाद, जिला परिषद अध्यक्ष सुशीला देवी।

विधायक अंबा प्रसाद एवं जिला परिषद अध्यक्ष सुशीला देवी ने संयुक्त रूप से बड़कागांव टैक्सी स्टैंड से बनिया टोली होते हुए जीडीएम चौक मुख्य पथ तक डीएमएफटी मद से पीसीसी पथ का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया द्य उक्त पीसीसी पथ निर्माण कार्य 20 लाख रुपया लागत राशि से संवेदक केरेडारी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता के द्वारा कराया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे एवं संचालन संजय महतो के द्वारा किया गया ।शिलान्यास । मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है, हर गली मोहल्ला मुख्य सड़क से कनेक्ट हो इसके लिए मैं हमेशा हमेशा फिक्रमंद हूं । शिलान्यास पूर्व लोगों ने विधायक अंबा प्रसाद एवं जिला परिषद अध्यक्ष सुशीला देवी का काली मंदिर प्रांगण में गर्मजोशी से स्वागत किया एवं पैदल मार्च कर शिलान्यास स्थल पर पहुंचे द्य मौके बड़कागांव कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, केरेडारी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविंदर कुमार गुप्ता, संजय महतो, एस तबस्सुम, बड़कागांव युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बाबर हुसैन, दिलदार अंसारी, , राजेश गुप्ता,अजीत महतो, राजेश साव, कजरू साव, रामवृक्ष सोनी, चंदर साव, चंद्रिका साब, रोहित सिंह, निर्मल महतो, सुनील कुमार, जगरनंदन, डoक्टर धनेश्वर महतो, नर्सिंग प्रसाद मेहता, शंकर प्रसाद मेहता व अन्य कई शामिल थे।

APEM LIVE

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## मंत्री ने भोक्ता ने मयूरहंड,कन्हाचट्टी प्रखंड के 20 सूत्री कार्यालय का किया उदघाटन

## ारखण्ड में पंचायत चुनाव की घोषणा 25 मार्च के बाद कभी भी

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**





श्रम व कौशल विकास विभाग मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने रविवार को कान्हाचट्टी व मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय भवन में 20 सूत्री कार्यालय का फीता काटकर उदघाटन किया। मंत्री के प्रखंड मुख्यालय आगमन पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कान्हाचट्टी हुलास महतो एवं मयूरहण्ड बी डी ओ साकेत कुमार सिन्हा ने पुष्पगुच्छ देकर मंत्री का स्वागत किया। ततपश्चात मंत्री श्री भोगता ने जरूरतमंद लाभूकों के बीच आवास, पेंशन आदि के स्वीकृति पत्र का भी वितरण किया। इसके उपरांत मंत्री ने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष उपाध्यक्ष समेत सभी सदस्यों को माला पहना कर हार्दिक शुभकामनाएं दी, और सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने में सहयोग की अपील की, और कहा कि यह सरकार गरीबों पिछड़ों के लिए कई जनकल्याणकारी योजना चला रही है जिसको धरातल पर उतारने में सबका सहयोग की आवश्यकता है।मंत्री भोक्ता ने कहा कि 25 मार्च के बाद कभी भी गांव की सरकार के चुनाव की तिथि की घोषणा हो जाएगा।उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव से ही गांव की विकास होगी।इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो के अलावा कान्हाचट्टी में राजद जिला अध्यक्ष नवलकिशोर यादव,बीस सूत्री उपाध्यक्ष प्रभु यादव,कान्हाचट्टी बीस सूत्री अध्यक्ष रामेश्वर यादव,उपाध्यक्ष अब्दुल रसीद,प्रमुख रुणा देवी,रा. जेन्द्र राम,विजय यादव,अजय राम,मो. शेरशाह,कबीर अंसारी एवं मयूरहण्ड में बी डी ओ साकेत कुमार सिन्हा, , मंत्री प्रतिनिधि उदय वर्मा, 20सूत्री अध्यक्ष रामभरोस यादव, उपाध्यक्ष छठु भुइयाँ, समाजसेवी अरुण सिंह, बलदेव यादव, धीरेंद्र सिंह, जमील अख्तर, शंकर साहू, शायरा खातून, पट्ल देवी, काली देवी समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## थाना में महाशिवरात्रि ,होली एवं रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक आज।

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव थाना परिसर में महाशिवरात्रि, होली एवं रामनवमी को लेकर शांति समिति की विशेष बैठक आज दोपहर 2:00 बजे बुलाई गई है। बैठक को लेकर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि, मंदिर, मस्जिद के अध्यक्ष सचिव के अलावा प्रबुध समा. जसेवियों को बैठक में उप. स्थित होने की अपील की है।

## गावां में पोषण सखी संघ की बैठक सम्पन्न, आंदोलन के लिए रांची जाने का लिया गया निर्णय

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां में रविवार को एकीकृत पोषण सखी संघ के गावां इकाई की बैठक के आयोजन किया गया। बैठक में झारखण्ड प्रदेश पोषण सखी सांख के द्वारा किये जा रहे आंदोलन को मजबूती देने और तेज करने पर चर्चा की गई और निर्णय लिया गया कि कल सभी पोषण सखी बहनों को रांची जाकर आंदोलन में शामिल होना है और सरकार कर खिलाफ बिगुल फूंकना है। उन्होंने कहा कि सरकार हमलोग की बहाली 2016 में ही कि थी लेकिन अभी तक कोई स्थायी नियम हमलोगों के लिए नही बना पाई है। सरकार तो कहती है हमलोगों को बारह महीने का मानदेय दे दिया जाएगा लेकिन आगे क्या होगा इसके बारे में कोई स्पष्ट बात नही बता रही है जिससे हमलोग नाराज है और आंदोलन कर रहे है। यदि सरकार हमलोगों की बातों को नही सुनेगी तो और आंदोलन और भी तेज करेंगे। मौके परपूजा विश्वकर्मा ,रिंकी श्रीवास्तव, सरिता सोनी ,तमन्ना प्रवीण ,सिंपी कुमारी ,बबीता चौधरी ,शोभा कुमारी, प्रीति कुमारी ,जयंती कुमारी, कंचन कुमारी, ममता कुमारी, निशा भारती,मुख्य संरक्षक के रूप में उपेंद्र स्वर्णकार ,नटवर विश्वकर्मा, मोहम्मद शहाबुद्दीन आदि दर्जनों के संख्या में लोग उपस्थित थे।

APEM LIVE

## प्रखंड भर में पांच साल तक के बच्चों को पोलियों का खुराक पिलाई गई।

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव। रविवार को पुरे प्रखंड भर सभी केंद्रो में 0 से लेकर 5 साल तक बच्चों को पोलियों का खुराक पिलाई गई। जिसमें प्रखंड के सभी केंद्रो में पोलियों पिलाने का जिम्मा आंग. नबाड़ी, सहिया व सहिया साथी ने काम को बखूबी अंजाम दिया। बताते चलें कि केंद्र संख्या 83 तल. सवार में पोलियों का खुराक पिलाई गई। जिसमें समा. जसेवी सोना साव के द्वारा बच्चों को दो बूंद पोलियों दवा पिला कर आरंभ कि गई। पोलियों दवा के लिए उज्ज्वल दुनिया के संवाददाता रंजीत कुमार के पुत्री को ( गुंजन प्रसाद उर्फ गुनगुन) पिलाकर आरंभ कि गई। गुंजन प्रसाद मात्र 25 कि नन्ही परी है। मौके पर मुख्य रूप से आंगनबाड़ी सेविका अभिंता देवी, सहिया जीरवा देवी,अनिता देवी, मीना देवी, उपस्थित थे।

## गिरिडीह सदर प्रखंड के चंदनडीह आंगनबाड़ी केंद्र में बरती जा रही है लापरवाही

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह सदर प्रखंड के परसाटांड़ पंचायत के चंदनडीह आंगनबाड़ी केंद्र में आज लगभग बारह बजे प्लस पोलियो अभियान की शुरुआत की गई वो भी एक निरक्षर सहायिका के भरोसे, जिसको पोलियो अभियान का प्रशिक्षण भी नहीं मिला है। स्थानीय लोगों में आंग. नबाड़ी सेविका के प्रति काफी आक्रोश दिखाई दिया। लोगों का कहना है कि से. विका बच्चों को मिलने वाली सुखा पौष्टिक आहार वितरण ही नहीं करती है साथ ही धात्री महिलाओं को भी पौष्टिक आहार कभी कभी देती है। ग्रामीणों का कहना है कि सेविका से शिकायत करने पर उल्टे शिकायत करने वाले को ही धमका देती है। ग्रामीणो की गिरिडीह जिला प्रशासन से मांग है कि अविलंब इस विषय पर संज्ञान लेकर कार्यवाही करे ताकि बच्चों और धात्री महिलाओं को हरेक महीने पौष्टिक आहार समय पर मिल सके और समय पर केंद्र संचालित हो सके। स्थानीय संवाददाता बजरंगी महतो ने जब से. विका से फोन पर इस विषय पर जानकारी लेना चाहा तो सेविका ने जानक. ारी दी कि मेरा तबियत पूर्व से खराब है जिसे मैंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को आवेदन के माध्यम से अवगत करा चुकी हूं। आज सुबह अचानक पेट में दर्द जोर से होने लगा तो इलाज के लिए गिरिडीह चली आई गिरिडीह आने के पूर्व मैने सहायिका मोसेमात ममता देवी को केंद्र समय पर खोल कर पोलियो ड्र०प बच्चो को पिलाने के लिए बोल के आई। आज पूरे गिरिडीह जिला में सभी स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर जीरो से पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की ड्रॉप पिलाई जा रही है। आज के इस अभियान की शुरुआत उप विकास आयुक्त शशिभूषण मेहरा ने किया। सिविल सर्जन डा० एसपी मिश्रा ने बताया कि पूरे जिले में दो हजार सात सौ उन्नासी पोलियो केंद्र बनाया गया है और इन केंद्रों पर पांच हजार उन्हतर स्वास्थ्य कर्मीयोंजिसमे आंगनबाड़ी केंद्र सेविका,सहिया , सहायिका तथा एएनएम को नियुक्त किया गया है। आज आंगनबाड़ी केंद्र पर विरोध प्रदर्शन में रिंकू वर्मा, हेमंती देवी, गायत्री देवी, देवती देवी, लीलावती देवी, सरिता देवी, दुलारी देवी, बिरनवा देवी, दशरथ महतो, अजीत कुमार वर्मा, राजेश कुमार वर्मा सहित दर्जनाधिक ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

## गिरिडीह सदर प्रखंड स्थित पिंडाटांड के कुशवाहा युवा समिति ने पेश किया एकजुटता का मिशाल

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



खबर–गिरिडीह सदर प्रखंड अन्तर्गत पचम्बा थाना क्षेत्र के पिंडाटांड गांव में आज कुशवाहा युवा समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने ग्रामीणों के सहयोग से देव स्थान धरती थान को अतिक्रमण मुक्त कर दिया जिसे स्थानीय लोगों ने लगभग पचास साल से अतिक्रमित कर रखा था। ग्रामीणों ने कहा कि कई बार स्थानीय गणमान्यों के द्वारा पंचायत कर अतिक्रमण मुक्त कराने की कई कोशिश की गई मगर कोई परिणाम नहीं निकला। पूजा अर्चना करने में होने वाली परेशानी को देखते हुए कुशवाहा युवा समिति पिंडाटांड ने देव स्थान धरती थान को अतिक्रमण मुक्त कराने का बीड़ा उठाया और आज उसीका परिणाम है कि देव स्थान का बाउंड्रीवाल किया जा रहा है। कुशवाहा युवा समिति द्वारा किए गए इस जनकल्याणकारी कार्य की प्रशंसा पुरे पिंडाटांड़ के लोग कर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि हमें हमारे गांव के कुशवाहा युवा समिति पर गर्व है। आज के इस कार्य में मुख्य रूप से युवा कुशवाहा समिति पि. ंडाटांड के अध्यक्ष बीरेंद्र वर्मा सचिव योगेश्वर प्रसाद वर्मा उपाध्यक्ष राजेश वर्मा, मुखिया प्रतिनिधि लखन वर्मा, संतोष वर्मा, चंद्रिका वर्मा, आशीष वर्मा, घनश्याम वर्मा, दिनेश वर्मा, बालगोविंद वर्मा, मुकेश वर्मा, मालेश्वर वर्मा, अर्जुन महतो, नरेश वर्मा, अशोक वर्मा, बलराम महतो गिरधारी प्रसाद वर्मा चेतलाल महतो, बहादुर महतो सहित दर्जनाधिक ग्रामीण मौजूद थे